मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-563
**10/11/2021**

# मुख्यमंत्री ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को किया अर्घ्य अर्पित, पटना के विभिन्न छठ घाटों का भी भ्रमण किया

पटना, 10 नवम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित आवास में अपने परिवार के निकट सदस्यों के साथ अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया तथा राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने दानापुर के नासरीगंज घाट से कंगन घाट तक स्टीमर द्वारा गंगा नदी के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया और छठव्रतियों एवं राज्यवासियों को छठ की शुभकामनायें दीं। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का अभिवादन हाथ उठाकर किया। मुख्यमंत्री ने भी सभी लोगों का अभिवादन हाथ उठाकर स्वीकार किया।

छठ घाटों का भ्रमण करने के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ व्रत में शामिल सभी लोगों का मैं अभिनंदन करता हूँ। मुझे यह देखकर खुशी हुई है कि बहुत अच्छी संख्या में लोग छठ व्रत में शामिल हुए हैं, यह बहुत ही प्रसन्नता की बात है। छठ घाटों पर व्रतियों की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर प्रशासन की तरफ से पूरे तौर पर प्रयास किये गये हैं। इससे पहले हमलोगों ने तीन बार आकर यहॉ के इंतजामों को देखा है। लोगों को किसी तरह की दिक्कत नहीं है। नासरीगंज से कंगन घाट तक हमलोगों ने सभी छठ घाटों को देखा, बहुत अच्छा लगा। पिछली बार कोरोना के चलते लोगों ने घरों में ही छठ पूजा की। इस बार फिर से छठ महापर्व का आयोजन घाटों पर हो रहा है, आज इसे देखने का फिर से मौका मिला। पूरे प्रदेशवासियों को मेरी शुभकामनाएं हैं, खासकर जो छठ व्रत में शामिल हैं, उनका मैं अभिनंदन करता हूँ।

मुख्यमंत्री के भ्रमण के क्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, मेयर श्रीमती सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास श्री आनंद किशोर, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आई0जी0 पटना प्रक्षेत्र श्री संजय सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******